Regarding alleged cases of crime against women, children and dalits in Rajasthan - laid

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर):राजस्थान राज्य में वर्तमान समय में दलितों,महिलाओं और बच्चियों के साथ बलात्कार एवं अत्याचार की घटनाओं में काफी बढ़ोतरी हो रही है। महिलाएं, बच्चियां कहीं भी सुरक्षित नहीं है। पुलिस के पास अपनी पीड़ा लेकर जाती है, लेकिन वांछित कार्यवाही नही होती । प्रदेश की सरकार इन सब पर कोई कार्यवाही नहीं कर पा रही है। राजस्थान सरकार उनको रोकने में नाकाम साबित हो रही है। मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि वह इसमें हस्तक्षेप करके कार्यवाही करें ।